Helpline 1064 94135-02834

# कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

प्रेस नोट

- सहायक प्रशासनिक अधिकारी, सीएमएचओ ऑफिस उदयपुर को 1.50 लाख रूपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार।

जयपुर, 04 जुलाई, शुक्रवार । ए.सी.बी. मुख्यालय के निर्देश पर ए.सी.बी. चौकी जयपुर नगर–प्रथम इकाई द्वारा एक प्रभावी कार्यवाही करते हुये सीएमएचओ ऑफिस, उदयपुर में पदस्थापित आशीष डामोर पुत्र हेमराज डामोर, उम्र 35 वर्ष, निवासी खंडी ओबरी, तहसील खेरवाड़ा, जिला उदयपुर को **1,50,000/– रूपये (एक लाख पचास हजार रूपये)** की रिश्वत राशि के साथ रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया।

**भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस श्रीमती स्मिता श्रीवास्तव (कार्यवाहक महानिदेशक, एसीबी)** ने बताया कि आरोपी को परिवादी के प्राइवेट हॉस्पिटल के औचक निरीक्षण में खामिया निकालकर उसके लाइसेंस को निरस्त नहीं करने की एवज में में 2.5 लाख रूपये रिश्वत मांग की जा रही थी। आरोपी आशीष डामोर वर्तमान में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय, उदयपुर में सहायक प्राशासनिक अधिकारी के पद पर कार्यरत है।

जिस पर एसीबी के **उप महानिरीक्षक पुलिस श्री राजेश सिंह** के सुपरवीजन में ए.सी.बी. चौकी जयपुर शहर–प्रथम के **अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री भूपेन्द्र** के नेतृत्व में आज मय टीम के ट्रेप कार्यवाही करते हुए आरोपी को परिवादी के प्राइवेट हॉस्पिटल के औचक निरीक्षक में खामिया निकालकर उसके लाइसेंस को निरस्त नहीं करने की एवज में 2.5 लाख रूपये रिश्वत मांग की जा रही थी। जो प्रारंभिक सत्यापन के दौरान 2 लाख पर सहमति बनी और 50,000 /– रूपये प्राप्त किए और इसके उपरांत शेष आज 1.5 लाख की राशि के साथ रंगे हाथों ट्रेप किया गया है।

आरोपी के आवस एवं अन्य ठिकानों पर तलाश जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।